* हिंदी कार्यशाल-2020-21*

एनआईपीएचएम में हिंदी कार्यशाला का आयोजन :

वर्ष के दौरान संस्थान में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए तीन एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यशाला की मुख्य विशेषताएं निम्नलिखित हैं ।

1) दिनांक 26-02-2020 को प्रथम कार्यशाला का आयोजन किया गया । राजभाषा नीति एवं राजभाषा हिंदी के संबंध में केंद्र सरकारीय कर्मचारियों की जिम्मेदारियों पर अतिथि वक्ता एम कमालुद्दीन, प्रभारी सहायक निदेशक (राजभाषा), सीएचटीआई-सिकंदराबाद को हिंदी कार्यशाला में आमंत्रित किया गया था । इस कार्यशाला में अतिथि वक्ता ने बताया कि कैसे हिंदी में छोटे टिप्पण लेखन को लिखा जाए और हिंदी के बारे में नवीनतम जानकारी, ज्ञान प्रदान करने के साथ-साथ हमारे हिंदी कामकाजी ज्ञान को बढ़ाया जाए ।

(एनआईपीएचएम में 'हिंदी कार्यशाला' का आयोजन)

2) दिनांक 14-09-2020 को हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर पहले सत्र में हिंदी कार्यशाला का आयोजन ऑनलाइन के माध्यम से किया गया । जिसके अतिथि वक्ता श्री जयशंकर प्रसाद तिवारी, सहायक निदेशक, केन्द्रीय हिंदी प्रशिक्षण उप संस्थान, राजभाषा विभाग, कवाड़ीगुड़ा, सिकंदराबाद थे । जिसमें अतिथि वक्ता ने ऑनलाइन के माध्यम से व्याख्यान दिया ।

(ऑनलाइन के माध्यम से 'हिंदी दिवस' समारोह का आयोजन)





(एनआईपीएचएम में ऑनलाइन के माध्यम से 'हिंदी कार्यशाला' का आयोजन)

इस कार्यशाला के दौरान कर्मचारियों को हिंदी में लिखी जाने वाली टिप्पणी एवं मसौदा पत्र, आवेदन पत्र एवं इससे संबंधित समस्याओं तथा लेखन पद्धतियों के बारे में विस्तार रूप से जानकारी दी । उन्होंने सरकारी कामकाज के दौरान कार्यालय में प्रयोग हाने वाले क्रियाकलपो एवं उसकी संरचनाओं के बारे में भी बारीकी से जानकरी दी ।

3) दिनांक 18-02-2021 को राष्ट्रीय वनस्पति स्वास्थ्य प्रबंधन संस्थान में डॉ. पी. चंद्र शेखरा, महानिदेशक-एनआईपीएचएम की अध्यक्षता में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यशाला में निदेशक डॉ. एलिस आर.पी.सुजीता (पीबीडी प्रभाग) ने कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कर्मचारियों को हिंदी कार्यशाला में भाग लेना चाहिए, ताकि उनको हिंदी में कार्य करने में जो कठिनाईयां आ रही है, उसका निवारण किया जा सके । हमारा

संस्थान एक केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान है । इसलिए, हम सभी का यह संवैधानिक एवं नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि हम अधिक से अधिक कार्यालयीन कामकाज हिंदी में करें ।

कार्यशाला के अतिथि वक्ता डॉ. संतराम यादव, सहायक निदेशक (रा.भा.), भाकृअनुप - केंद्रीय बारानी कृषि अनुसंधान संस्थान (क्रीडा), हैदराबाद ने कार्यशाला के दौरान पॉवर प्वाइंट के जरिए प्रतिभागियों को राजभाषा नीति, राजभाषा हिंदी के क्रियान्वयन, वार्षिक कार्यक्रम, धारा 3(3) के तहत् द्विभाषा (हिंदी-अंग्रेजी) में जारी होने वाले दस्तावेजों की जानकारी, वार्षिक कार्यक्रम आदि के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी । कार्यशाला के दौरान उपस्थित कर्मचारियों के लिए अभ्यास हेतु प्रशासनिक शब्दावली एवं संबंधित वाक्यों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की । इस कार्यशाला से संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने दैनिक सरकारी कामकाज में प्रयुक्त होने वाले राजभाषा नीति, राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन की दिशा एवं दिशाएं, केंद्र सरकारी कर्मचारियों की जिम्मेदारियाँ, वार्षिक कार्यक्रम, अनुच्छेद, धारा 3(3) के तहत् आने वाले सभी दस्तावेजों से अवगत हुए ।

(एनआईपीएचएम में 'हिंदी कार्यशाला' का आयोजन)

*****